डीईओ ने तीन सीबीईओ को थमाए नोटिस

भीलवाड़ा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित 43 बिंदुओं की ब्लॉक रैंकिंग में पिछड़ने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ब्रह्मराम चौधरी ने तीन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित 43 बिंदुओं की ब्लॉक रैंकिंग को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम.नकाते ने बनेड़ा, हुरड़ा और बिजौलियां ब्लॉक के रैंकिंग में पिछड़ने पर विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई थी। साथ ही रैंकिंग सुधारने तथा लापरवाह सीबीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। इसकी पालना में सीबीईओ चौधरी ने रैंकिंग में पिछड़ने के कारण बनेड़ा ब्लॉक के कार्यवाहक सीबीईओ सुरेश पारीक, बिजौलिया ब्लॉक के सीबीईओ नंदकिशोर डागी और हुरड़ा ब्लॉक के सीबीईओ सत्यनारायण रेगर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उनसे 3 दिन में जवाब तलब किया है। साथ ही आगामी कार्य योजना भी मांगी गई है। उधर, समसा के एसीपी योगेश पारीक को बनेड़ा ब्लॉक में निरीक्षण के लिए भेजा गया। पारीक ने बनेड़ा सीबीईओ कार्यालय में बैठक रखकर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यवाहक सीबीईओ सुरेश पारीक, समसा से विश्व बंधु पाठक, एमआईएस मोइनुद्दीन उपस्थित थे। फिर बनेड़ा ब्लाक के पीईईओ की बैठक भी आयोजित कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए।

बालाजी मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक

भीलवाड़ा। सावन के पवित्र महीने में शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के जल, दुध व पंचामृत अभिषेक, रुद्राभिषेक आदि किए जा रहे हैं। भोले बाबा की विशेष पूजा-अर्चना व आराधना हो रही है। शहर के बालाजी मार्केट स्थित पेच का बालाजी मंदिर में बाबा भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया। पुजारी पं.आशुतोष शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने अभिषेक के बाद बाबा भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया।

न्यूरोथैरेपी शिविर 1 व 2 अगस्त को

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबन्ध एवं सेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा न्यूरोथैरेपी शिविर लगाया जा रहा है, इसमें डॉ. विनय राणावत उदयपुर व उनकी टीम प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक अपना घर वृद्धाश्रम केशव हॉस्पिटल रोड़ पर देखेंगे व जरूरत पड़ने पर रोगियों की न्यूरोथैरेपी करेंगे। समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि सभी रोगियों को नि:शुल्क परामर्श व थेरेपी की जायेगी।

जिला स्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता 8 को

भीलवाड़ा। जिला शूटिंग बॉल संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय सब जूनियर बालक बालिका वर्ग की शूटिंग बॉल प्रतियोगिता 8 अगस्त को 4:30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमगंज स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित होगी संघ के अध्यक्ष कुणाल ओझा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगी ।

सौहार्द बिगाडने के प्रयास का मामला दर्ज

भीलवाड़ा। जिले की मांडल थाना पुलिस ने विवादित कुर्क व रिसीवर संपत्ति के मामले को लेकर अनर्गल बातें लिखकर धार्मिक भावना भड़काकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने का सोशल मीडिया पर फर्जी मैसेज वायरल करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मांडल थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल हो रहा है जो किसी सलीम नाम के व्यक्ति द्वारा लिखना दर्शाया गया। इस मैसेज को पुलिस ने जांच की तो प्रथम दृष्टया पाया गया कि यह मैसेज मांडल स्थित विवादित कुर्क व रिसीवर संपत्ति के विषय में अनर्गल बातें लिखकर धार्मिक भावनायें भड़काकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने के प्रयास के रूप में किया गया। पुलिस ने मैसेज लिखने वाले सलीम नाम व पते की जानकारी की तो नाम-पता फर्जी पाया गया। पुलिस जांच में यह पाया गया कि किसी असामाजिक तत्व ने अशांति पैदा करने व जनभावना भड़काने के उद्देश्य से फर्जी मैसेज तैयार कर वायरल किया गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

डीपी चुराने वालों का कबराडिया में आतंक

भीलवाड़ा। रायला थाना क्षेत्र के कबराडिया ग्राम में विद्युत डीपी चुराने वालों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि चालू लाइट में डीपी चोरी कर लेते है । हाल ही में चोर जाली चौराया के पास केशव ब्रिक्स से रात में डीपी चोरी कर ले गये।

कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरूद्ध भाजपा का धरना प्रदर्शन ज्ञापन 2 को

कोरोना को हराना है तो वेक्सीन अवश्य लगावे : तेली

सबको वैक्सीन
मुफ्त वैक्सीन
धन्यवाद मोदी जी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आज दोपहर 12:15 बजे आयोजित हुई । भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश संगठन के आव्हान पर भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सरकार की नीतियों के विरुद्ध धरना ज्ञापन प्रदर्शन 2 अगस्त को प्रातः 11:00 आयोजित किया जाएगा , भाजपा संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम के पश्चात पौधारोपण का कार्यक्रम आवश्यक रूप से किया जाएगा , साथ ही कहा कि भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पौधे लगाने एवं सार संभाल की जिम्मेदारी अवश्य ले , संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा की बूथ समितियों एवं पन्ना प्रमुख जहाँ नही बने वहाँ पर अतिशीघ्र बनाये जाने पर जोर दिया साथ ही कहा कि कोरोना को रोकने के लिए और संभावित तीसरी लहर को देखते हुए वैक्सीनेशन पर जोर दिया और निशुल्क वैक्सीन मोदी सरकार द्वारा देने पर धन्यवाद मोदी अभियान जिले भर में चला जाएगा। सभापति राकेश पाठक ने कहा कि भीलवाड़ा शहर के 70 वार्डों में पार्षद एवं वार्ड वासियों द्वारा प्रत्येक वार्ड में 100 -100 पौधे लगाए जाएंगे और दो अगस्त को होने वाले कांग्रेस सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन में भाजपा के सभी पार्षद सम्मिलित होंगे।

भाजपा जिला प्रवक्ता कैलाश सोनी ने बताया की कांग्रेस सरकार की कुनीतियो भ्रष्टाचार बिगड़ती कानून व्यवस्था बेरोजगारी अपराधिक घटनाएं महिलाओं बच्चों पर बढ़ते अत्याचार बिजली की दरों में बढ़ोतरी सहित मंडल जिला एवं प्रदेश स्तर के विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद विधायक चेयरमैन पार्षद सहित भाजपा जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यकर्ताओं द्वारा जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन ज्ञापन 2 अगस्त को दिया जाएगा इस कार्यक्रम में भीलवाड़ा शहर के 4 मंडल सहित कुल 6 मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। इस बैठक में नगर परिषद उपसभापति राम लाल योगी जिला महामंत्री मुरलीधर जोशी भीलवाड़ा विधानसभा प्रभारी रामेश्वर छिपा कार्यक्रम प्रभारी प्रहलाद त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष ज्योति आशीर्वाद कैलाश जीनगर डॉक्टर राजासाध वैष्णव जिला मंत्री शोभिका जागेटिया नंदलाल गुर्जर देवेंद्र डाणी एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इमरान कायमखानी एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरन डीडवानिया मंडल अध्यक्ष रमेश राठी ,घनश्याम सिंगीवाल अनिल सिंह जादौन लादू लाल जाट नगर परिषद पार्षद सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

निर्यात बढ़ने से निवेश और रोजगार में होगी वृद्धि : उद्योग मंत्री

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि निर्यातक बनो मिशन से निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे राज्य में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक उत्पादक इस मिशन से जुड़कर निर्यातक बनें। राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार नीतियां बना रही है। यह मिशन भी राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण साबित होगा। कोरोना काल में उद्योगों को संबल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने कई रियायतें दी हैं। आगे भी जरुरत हुई तो हरसंभव मदद की जाएगी। मीणा सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एण्ड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित मिशन निर्यातक बनो के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। कई उत्पाद तो ऐसे है जो केवल राजस्थान में ही बनते हैं। राजस्थान निर्यात तैयारियों में एक्सपोर्ट प्रीपेयर्डनेस इंडेक्स (ईपीआई) 2020 में राज्य लैंड लॉकड स्टेट की श्रेणी में पहला और संपूर्ण देश में चतुर्थ स्थान पर रहा है। उद्योग शासन सचिव आशुतोष ए. टी. पेडणेकर ने कहा कि यह राज्य में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम होगा। राज्य में एमएसएमई अच्छा उत्पादन कर रही है लेकिन निर्यात के मामले सुधार की आवश्यता को देखते यह मिशन महत्वपूर्ण साबित होगा। हालांकि राज्य में की गई तैयारियों के कारण निर्यात में इजाफा होने लगा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के माध्यम से औद्योगिक संगठनों, निर्यातकों और राज्य सरकार के संबंधित विभागों के बीच समन्वय कर निर्यात में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा। निर्यातकों को ऑनलाइन निर्यात करने के लिए भी राज्य सरकार सहयोग करेगी। उद्योग आयुक्त अर्चना सिंह ने कहा कि प्रदेश के निर्यातकों को प्रोत्साहित करने एवं राज्य से होने वाले निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2019 में एक निर्यात परिषद का गठन किया गया है। राजस्थान में कई ऐसे उत्पाद है जिनकी विदेशों में अच्छी मांग है। जिला निर्यात कार्ययोजना तैयार कर निर्यात योग्य उत्पादों की पहचान की जा चुकी है। इस मिशन के तहत सरकार सीधे उत्पादक को ही निर्यात प्रक्रिया में शामिल कर निर्यातक बनाना चाहती है, जिससे उनको इसका सीधा लाभ होगा। खास बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार निर्यातक का पूरा सहयोग करेगी। संयुक्त महानिदेशक, विदेश व्यापार (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) चंद्रकांत मिश्रा ने कहा राजस्थान में उत्पादन तो अधिक मात्रा में हो रहा है लेकिन उत्पाद सीधे निर्यात होने के बजाए अन्य राज्यों के जरिये निर्यात हो रहे हैं। इस से मिशन जुड़कर छोटे से छोटा उत्पादक भी सीधे ही निर्यात कर सकता है। इस अवसर पर रीको की कार्यकारी निदेशक रुक्मणि रियार के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उद्योग विभाग के निर्यातक बनो मिशन के तहत उत्पादक को निर्यात लाइसेंस जारी करने, प्रशिक्षण देने से लेकर निर्यात करने तक पूरी प्रक्रिया में सहयोग देगी।

एमजीएच में रात में नहीं जलती लाईटें, हर जगह गंदगी का ढेर

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

शहर के सबसे पुराने महात्मा गांधी पार्क में पिछले एक माह से सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। पार्क में रात्रि के समय लाईटें भी पूरी नहीं जलती है, ऐसे में समाज कंटक यहां अनैतिक कार्यों को भी अंजाम देते है। साफ-सफाई नहीं होने से महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों का खाना खाने या विश्राम के लिए बैठना तक मुश्किल हो रहा है। लम्बे समय से घास व पेड़ पौधो की कटाई-छंटाई नहीं होने से मॉर्निंग व इवनिंग वॉक करने के लिए आने वाले आसपास के लोगों को भी जीव-जंतु के काटने का खतरा सताता है। पार्क में सीमेंट की टाइले भी जगह-जगह टूटी हुई है। गलियारों में पौधो की जगह कचरा पड़ा है। यहां घूमने आने वाले लोगों का कहना है की कुछ माह पहले तक यहां साफ-सफाई व व्यवस्था बनाएं रखने के लिए नगर परिषद ने एक कर्मचारी लगा रखा था। यह कर्मचारी पार्क में ही बने एक कमरे में रहकर साफ-सफाई रखने के साथ ही पार्क को व्यवस्थित रखता था लेकिन कुछ समय से कर्मचारी भी यहां नहीं दिख रहा। लोगों का आरोप है की ठेकेदार नगर परिषद से इस पार्क की सफाई के नाम पर बराबर धनराशि उठा रहा है लेकिन सफाई के लिए कर्मचारी नहीं लगा रखा है। पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से कोई सुरक्षाकर्मी भी नहीं लगा रखा है। ऐसे में पार्क पूरी तरह तबेला बना हुआ है।

संभागीय आयुक्त के सामने उद्यमियों ने रखी समस्याएं

भीलवाड़ा। एशिया के मेनचेस्टर के रूप में विख्यात 18 हजार करोड़ रुपए के सालाना टर्नओवर वाला भीलवाड़ा वस्त्र उद्योग कोरोना काल के बाद से संकट में है। वह कई समस्याओं से जूझ रहा है। लगभग 300 वीविंग इकाइयां, 18 प्रोसेस हाउस, 5 डेनिम हाउस एवं 14 स्पीनिंग यूनिट वाले इस उद्योग को राज्य सरकार पावर सब्सिडी तो दे ही नहीं रही है। उलटे जो उद्योग सोलर पावर बना काम ले रहे, उन पर भी 60 पैसे प्रति यूनिट टैक्स लगा दिया। छह लाख रुपए सालाना देने के बावजूद हमीरगढ़ ग्रोथ सेंटर के उद्योगों को श्रमिकों के पीने के लिए चंबल का पानी भी नहीं मिल रहा है। यही नहीं, ऐसी कई समस्याएं हैं, जिनका राज्य सरकार के स्तर पर समाधान जरूरी है। लगभग 70000 लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहे इस उद्योग की समस्याओं के समाधान का मुद्दा यहां के उद्यमियों ने अजमेर संभागीय आयुक्त डॉ.वीणा प्रधान के सामने उठाया। अजमेर में औद्योगिक सलाहकार समिति की मीटिंग में भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल शर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमस्वरूप गर्ग ने संभागीय आयुक्त को एक रिप्रजेंटेशन भी सौंपा। इसमें राज्य सरकार से उद्योगों की समस्याओं व परेशानियों पर त्वरित निर्णय लेकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया।

जीवन में हो सामंजस्य : आचार्य महाश्रमण

भीलवाड़ा
चातुर्मास
व्यवस्था समिति

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

आदित्य विहार, तेरापंथ नगर में आचार्य महाश्रमण का चातुर्मास सानन्द आदित्य विहार, तेरापंथ नगर में प्रवर्धमान है। आचार्यश्री के दर्शनार्थ प्रतिदिन जैन एवं जैनेतर लोगों का भी निरंतर आवागमन हो रहा है। जैन धर्म के प्रभावक आचार्य संत शिरोमणि आचार्य श्री महाश्रमण जी द्वारा गत सायं कल्याण परिषद की मीटिंग में जैन शासन हेतु अति महत्वपूर्ण घोषणा की गई। जैन एकता एवं जैन शासन कि प्रभावना हेतु नई पहल करते हुए आचार्यश्री ने ॥जैनम् जयतु शासनम्॥ नवीन उपक्रम की घोषणा की। इसके तहत विभिन्न उपक्रमों द्वारा जैन शासन हित गतिविधियां संचालित होगी। मंगल प्रवचन में आचार्य ने बताया कि हमारा जीवन दो तत्वों का योग है- शरीर और आत्मा। शरीर के भीतर ही आत्मा रहती है।

एक विशेष स्थिति ऐसी भी आती है जब आत्म प्रदेश शरीर से बाहर निकल जाते है। जैन दर्शन में इसको समुद्घात कहते है, जिसके सात प्रकार होते है। उनमें से एक केवली समुदघात है जो आठ समय का होता है। प्रत्येक प्राणी की आत्मा में लोकाकाश जितने असंख्य प्रदेश होते है।अनंतकाल तक जो एक समान अवगाहन लिए रहते है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, लोक, जीवास्तिकाय के प्रदेश एक समान रूप से फैले होते है। एक जीव के प्रदेश कम या ज्यादा फैले हो सकते है। आत्मा को जितना स्थान मिले शरीर अनुसार वह उसमें समाविष्ट हो जाती है और उसी के अनुरूप आत्म प्रदेश फैल जाते है। फैलाव और संकोच आत्मा का सिद्धांत है। आचार्यवर ने आगे फरमाया कि समुदघात इसलिए होता है क्योंकि केवली के चार घाती कर्म शेष रहते है। ये आत्मा के मूल गुणों की घात नहीं करते है। परन्तु जब तक अघाती कर्म रहते है तब तक मोक्ष नहीं मिलता है। केवली के वेदनीय, नाम ,गौत्र कर्म का कालमान से आयुष्य कर्म का कालमान कम रह जाता है तब चारों में सामंजस्य बिठाने के लिए केवली समुदघात करते है। जो आठ समय में पूरा होता है। जैन दर्शन की ये थ्योरी हमारे जीवन में भी लागू हो सकती कि जब काम ज्यादा हो समय कम हो तो किस तरह समय मैनेजमेंट के द्वारा सामंजस्य बिठाकर अपने कार्य को अच्छे से सम्पन्न कर सकते है।

फटाफट

भीलवाड़ा ब्रांच स्टार परफॉर्मर से तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम सम्मानित

भीलवाड़ा। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन पारख और पूरी टीम के भीलवाड़ा में प्रथम बार चतुर्मासिक आगमन पर टीपीएफ का बेज लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। सहमंत्री अजय नौलखा ने बताया कि भीलवाडा संस्था ने 10 लाइफ मैंबर और 6 फैलो मेम्बर बनाने की स्वीकृति प्रदान की। राष्ट्रीय अध्यक्ष पारख ने श्रेष्ठ कार्य करने के लिए भीलवाडा ब्रांच को स्टार परफॉर्मर ब्रांच के बैज से सम्मानित किया गया जिसे अध्यक्ष राकेश सुतरिया और मंत्री अभिषेक कोठारी ने स्वीकार किया। पारख ने बताया कि संस्था पुरे देश में प्रोफेशनल को जोड़ते और समाज को इसका लाभ मिले, इसके लिए एक व्हाट्सएप हेल्पडेस्क लाने जा रही है। इससे घर बैठे एक्सपर्ट से सेकंड ऑपिनियन मिल सकेगा। साथ ही शिक्षा सहयोग, उड़ान, मेडिकल कैम्प, वेबिनार और अन्य माध्यमों से कैसे प्रोफेशनल का लाभ समाज को अधिकाधिक मिल सके, उस दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय महामंत्री हिम्मत मांडोत, मुख्य ट्रस्टी एम.सी.बलडोटा तथा सेंट्रल जोन चेयरमेन दिलीप कावड़िया ने विभिन्न प्रोफेशनल्स को समाज के लाभ के लिए सेवायें देने को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन मंत्री अभिषेक कोठारी ने किया। सहमंत्री सपना कोठारी ने भी संबोधित किया। ट्रस्टी नवीन चोरडिया, कार्यकारिणी सदस्य विनोद पितलिया, सेंट्रल जोन चेयरमेन दिलीप कावडिया, सेंट्रल जोन सहमंत्री रचना सुराणा, डॉ.आर.एल.पितलिया, वरुण पितलिया, भीलवाडा ब्रांच उपाध्यक्ष प्रमोद पितलिया, धीरज सूर्या, कोषाध्यक्ष अलिंद नैनावटी, सहमंत्री अजय नौलखा आदि उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर व पुलिस प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार

भीलवाड़ा। जिले के आसींद थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में अतिक्रमण करने के आरोप में 2 पक्ष आमने-सामने हो गये। एक पक्ष ने आधी रात को अतिक्रमण करने का आरोप लगा एक परिवार की चार-दिवारी तोडकर महिलाओं से मारपीट कर दी। घटना के बाद एक पक्ष ने गांव के दबंगों पर गांव छोड़ने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला कलेक्टर व पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगायी है। दरअसल, जैतपुरा निवासी मंजूदेवी शर्मा के नेतृत्व में गांव की महिलाओं सहित कुछ लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। जिसमें आरोप लगाया कि गांव में ब्राह्मण समाज के एकलौता मकान है हमारे एकलौते परिवार को गांव से बाहर निकालकर दबंग लोग हमारी जमीन हथियाना चाहते है। यही वजह है कि दो दिन पूर्व गांव के दबंगों ने हमसलाह होकर हमारे घर पर हमला कर दिया है जेसीबी के माध्यम से चारदिवारी को भी तोड दिया। हमने इसमें आपत्ती की तो हमारे साथ मारपीट भी की और वाहनों में तोडफोड कर दी।

समाचार-आसपास

संगठन की शक्ति महान, लिखे शक्ति की नई ऋचाये, अनुशासन के दीप जलाए

भीलवाड़ा। महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण के पावन प्रवास से पवित्र होते इस प्रांगण में 30 जुलाई शुक्रवार को अखिल भारतीय महिला मंडल की कुशल नेतृत्व कर्ता अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा बैद की टीम के साथ तेरापंथ महिला मंडल समिती बहनों की संक्षिप्त कार्यशाला आयोजित की गई। ऊर्जावान अध्यक्षा श्रीमती मीना बाबेल ने भीलवाड़ा महिला मंडल को एक सशक्त शाखा बताया, जहा अध्यात्म का विकास चहुं ओर बिखर रहा है। अभातेमम की हर गतिविधियों को पूरी सक्रियता एवं जागरूकता के साथ पूर्ण करते हुए तेरापंथ महिला मंडल भीलवाड़ा निरंतर विकास पथ पर आरूढ़ है। गुरुदृष्टि की आराधना करते हुए इस प्रवास में ये मंडल और अधिक सशक्त बने। राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा बैद ने कहा कि भीलवाड़ा महिला मंडल बहुत सक्रिय है, संघ व संघपति के प्रति पूर्णरूप से समर्पित है, हर सदस्य की कर्मठता, सक्रियता, उत्साह, और लग्न की फलश्रुति है कि आज इस मंडल ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान कायम की है। आपने सबके भीतर नई शक्ति, ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि कोविड युग में भी अपनी आध्यात्मिक शक्ति से इस दुर्लभ चातुर्मास को सफल बनाकर आत्मसुख की प्राप्ति करें। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती तरुणा बोहरा का ऊर्जामय वक्तव्य जिसे सुनने को सब आतुर रहते आपने बताया कि संगठन की विलक्षणता अगर देखनी हो तो भीलवाड़ा महिला मंडल में देखे जहा वर्तमान और निवर्तमान अध्यक्ष एक साथ अपनी बात रख रहे है। आचार्य प्रवर जैसे गुरु रूपी सूर्य का प्रकाश पाकर हम अपने जीवन के अंधेरे को दूर करें,गुरुदेव से भरपूर ऊर्जा का संग्रहण करते हुए अपने संगठन की डोर को आपसी प्रेम सौहार्द से और अधिक मजबूत बनाए,गुरुआभावरण में हमारी हर राह प्रशस्त बने। अभातेमम की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सूरज बरडिया ने चार सौ महिला मंडल की शाखाओं में भीलवाड़ा महिला मंडल को सशक्त शाखा की उपमा देते हुए बहुत ही उपयोगी बात कही कि पद के लिए व्यक्ति बदल जाते है पर कार्यकर्ता कभी नही बदलते। भीलवाड़ा महिला मंडल ने जो संगठन की सक्रियता का परिचय दिया वह सराहनीय है।सभी गुरुदृष्टि में आगे बढ़ते हुए संघ का गौरव बढ़ाए। राष्ट्रीय सहमंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने एक घटना के माध्यम से बताया कि भीलवाड़ा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है,बस अवसर किसी किसी को मिलता है।यहां हर बहिन एक दूसरे को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

संयुक्त परिवार के अभाव में रिश्तों में कमी : साध्वी डॉ चंद्रप्रभा

आसींद। कस्बे के महावीर भवन में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तपाचार्य जयमाला म.सा. की सुशिष्या साध्वी डॉ चंद्रप्रभा ॰ चंद्रिका॰ ने कहा कि जिनवाणी सुनकर आत्मा को परमात्मा बनाया जा सकता है। आजकल संयुक्त परिवारो का अभाव होने से रिश्ते धीरे - धीरे कम हो रहे है। साध्वी चंदनबाला ने धर्मसभा में कहा कि आत्मा पर कषायों का जमावड़ा हो गया इसको साफ करने के लिए विवेक, तप, त्याग, समन्वय का होना जरूरी है। मानव जीवन बार - बार नही मिलता है, इसको पाने के लिए देवता भी तरसते है। हर व्यक्ति चाहता है कि परिवार में मानसिक शांति बनी रहे, परिवार में शांति होगी तो तन , मन, धन से सुखी रह सकते हो। परिवार में जो वातावरण होगा बच्चे उसी का अनुकरण करेंगे। साध्वी विनीतरूपा प्रज्ञा ने कहा कि मानव जीवन अच्छे कर्म करोगे तो दुबारा मिल सकता है, लेकिन जैन कुल मिलेगा या नही यह कहना मुश्किल है। साधु संतों की वाणी आपको अगले जन्म में सुनने को मिले या नही मिले, अभी जो मौका मिला है उसका पूरा सदुपयोग करें। प्रभु ने मानव जीवन दिया है तो सभी को मानवता रखनी चाहिए, मानव जीवन को प्रमाद में नही खोना है। महासती जयमाला , साध्वी अनंदप्रभा, साध्वी चंद्रप्रभा के सानिध्य में माँ पदमावती का जाप एवं अनुष्ठान किया गया। धर्म सभा मे आज बदनोर श्री संघ सहित अन्य स्थानों के श्रावक - श्राविका उपस्थित थे।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: ए-902ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615
ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com,
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com
बोर्ड मीटिंग के लिए सूचना
एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 10 अगस्त, 2021 को 903-909, 9वीं मंजिल, विक्रांत टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली-110034 पर आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी के 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।
इसके अलावा, कंपनी की ट्रेडिंग विंडो 01.07.2021 से 12.08.2021 तक नामित व्यक्तियों के लिए बंद कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.bseindia.com या www.titanbiotechltd.com देखें।
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
(कंपनी सचिव)
स्थान: दिल्ली
दिनांक: 30/07/2021

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com
शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	एम मुकेश-0017146	1960-1961	195271-195470	200

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।
कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव
दिनांक: 30/07/2021
स्थान: नई दिल्ली